रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

विद्या परिषद् की बैठक आयोजित
कोविड संक्रमण को देखते हुए शोधार्थियों की पंजीयन अवधि में 6 माह की वृद्धि

जबलपुर 28 अगस्त। माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता एवं प्रभारी कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा एवं संकायाध्यक्षों की उपस्थिति में आयोजित विद्या परिषद् की स्थायी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि कोविड–19 के संक्रमण के कारण जिन शोधार्थियों का पीएच.डी. पंजीयन समय वृद्धि एवं पुनः पंजीयन की तिथि 20 मार्च 2020 से आगामी तिथि कोविड–19 महामारी के दौरान समाप्त हो गयी है ऐसे शोधार्थियों को यूजीसी के दिशा निर्देश के अनुसार शोध प्रबंध जमा करने की तिथि में 6 माह की वृद्धि की गई है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्रों की प्रवेश संख्या कम है उन विभागों में 15 सितम्बर, 2020 तक छात्र एम.पी. ऑनलाइन से प्रवेश ले सकते हैं। इसके अलावा बैठक में कालेज कोड 28 के अंतर्गत महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति हेतु चयन समिति एवं शासी निकाय से प्राप्त अनुशंसा को मान्य किया गया।

बैठक में प्रभारी परीक्षा नियंत्रक प्रो. एन.जी. पेन्डसे, संकायाध्यक्षों में प्रो. एस.एस. संधु, प्रो. ममता राव, प्रो. एस.एन. मिश्र, प्रो. राकेश बाजपेयी एवं प्रो. धीरेन्द्र पाठक, सहायक कुलसचिव श्री अभयकांत मिश्रा तथा सुश्री मोनाली सूर्यवंशी, उपस्थित रहे।

रादुविवि जनसम्पर्क प्रकोष्ठ/क्रमांक/927/28.08.2020